पंजाब केसरी 22-03-2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुआ ऑनलाइन वैबीनार

अम्बाला, 21 मार्च (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शुक्रवार को सी.आर.सी. यूनिट द्वारा 'हाऊ टू लैंड हाई पेइंग जॉब इन बिग 4 एस. एंड एम.एन.सी.' विषय पर ऑनलाइन वैबीनार का आयोजन किया। इसमें सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान की अहम भूमिका रही।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता खुशी गेरा ने वैबीनार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को विषय संबधी जानकारी देते हुए बताया कि अपनी योग्यता के आधार पर किस प्रकार मल्टीनैशनल कंपनियों में नौकरी पाई जा सकती हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व के विकास पर भी जोर दिया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। टी.पी.ओ. प्रो. कमलप्रीत कौर ने मुख्य वक्ता का कॉलेज के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इस वैबीनार में कॉलेज के एम.बी.ए., एम.कॉम, बी.बी.ए., बी.कॉम आदि विभागों के 150 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और विषय संबंधी जानकारी अर्जित की।